प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डेरी एवं पोल्ट्री व्यवसाय में संचार कौशल का महत्व पर एक आउट रीच कार्यक्रम

पन्तनगर। 28 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग में अध्यनरत स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के विद्यार्थियों द्वारा 'डेरी एवं पोल्ट्री व्यवसाय में संचार कौशल का महत्व' विषय पर एक आउट रीच कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान और भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं के माध्यम से जनपद टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल से आए हुए दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद व्यवसाय में संलग्न स्वयं सहायता समूह के 26 सदस्यों ने श्रीमती चंदा खाती एवं श्रीमती देवकी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ पशुचिकित्सा एवम पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के लाइव–स्टॉक प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी विभाग में दूध की गुणवत्ता की जांच एवं दूध से बनने वाले उत्पाद जैसे पनीर, पेड़ एवं आइसक्रीम प्रक्रिया के डेमोंसट्रेशन के साथ हुआ। दुग्ध व्यवसाय से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए डा. अनीता ने प्रतिभागियों को संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया से अवगत कराया। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. छाया शुक्ला के निर्देशन में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी डा. सचिन कुमार ने डेयरी व्यवसाय में प्रभावी संचार कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने पशुचिकित्सा महाविद्यालय के साथ–साथ नगला स्थित शैक्षणिक डेरी फार्म का भी भ्रमण किया। इस दौरान डा. सुनील तलवार नाम पशुओं की देख–रेख पशुधन की पहचान एवं डेरी संचालक विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल रही, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को मूल्यवान बनाया। प्रस्तुत कार्यक्रम के आयोजन से गृह विज्ञान महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों में इवेंट मैनेजमेंट करने से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल के साथ–साथ आत्मविश्वास एवं उत्साह का भी संचार हुआ।

विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार